# बाल महाभारत कथा

---

Question 1.
महाभारत की रचना किसने की?

▼ Answer

Answer: महाभारत की रचना महर्षि पराशर के कीर्तिमान पुत्र वेद व्यास ने की।

---

Question 2.
पांडु की कितनी रानियाँ थीं?

▼ Answer

Answer: पांडू की तीन रानियाँ थीं।

---

Question 3.
कुंती एवं माद्री के पुत्रों के नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer: कुंती ने, युधिष्ठिर, भीम, व अर्जुन को जन्म दिया। नकुल व सहदेव की माँ माद्री थी।

---

Question 4.
धृतराष्ट्र के कितने पुत्र थे? उनके बड़े पुत्र का नाम लिखिए।

▼ Answer

Answer: धृतराष्ट्र के सौ पुत्र थे, जो कौरव कहलाए। उनके सबसे बड़े पुत्र का नाम दुर्योधन था।

---

Question 5.
कौरवों व पांडवों को कहाँ का राज्य मिला था?

▼ Answer

Answer: संधि के अनुसार कौरव हस्तिनापुर के राजा बने और पांडवों को इंद्रप्रस्थ (वर्तमान दिल्ली) का राज्य मिला था।

---

Question 6.
पांडु के साथ उनकी कौन-सी रानी सती हुई थी?

▼ Answer

Answer: पांडु के साथ उनकी छोटी रानी माद्री सती हुई।

---

Question 7.
पांडवों के बाद राज्य का उत्तराधिकारी कौन बना?

▼ Answer

Answer: पांडवों के बाद राज्य का उत्तराधिकारी उनका पोता परीक्षित बना।

---

Question 8.
नदी के किनारे पर खडी कन्या कौन थी?

▼ Answer

Answer: नदी के किनारे खड़ी कन्या गंगा थी।

---

Question 9.
शांतनु के सामने पत्नी बनने के लिए गंगा ने क्या शर्त रखी थी?

▼ Answer

Answer: गंगा ने पत्नी बनने के लिए राजा शांतनु से शर्त रखी थी कि मैं कुछ भी करूँ, आप मुझसे कुछ नहीं कहेंगे।

---

Question 10.
अपने पुत्रों को नदी की धारा में बहाने के बाद गंगा कहाँ जाती थी?

▼ Answer

Answer: अपने पुत्रों को नदी की धारा में बहाने के बाद गंगा हँसती-मुसकराती हुई शांतनु के महल में आ जाती थी।

---

Question 11.
राजा शांतनु गंगा के द्वारा अपनी संतान को नदी के धारा में बहाते हुए देखकर भी कुछ क्यों नहीं बोल पाते थे?

▼ Answer

Answer: राजा शांतनु गंगा को संतान को नदी की धारा में बहाते हुए देखकर भी कुछ इसलिए नहीं कह पाते थे, क्योंकि वे वचनबद्ध थे।

---

Question 12.
सत्यवती को देखकर राजा शांतनु के मन में क्या इच्छा बलबती हो उठी?

▼ Answer

Answer: सत्यवती को देखकर राजा शांतनु के मन में उसे अपनी पत्नी बनाने की इच्छा बलबती हो उठी।

---

Question 13.
केवटराज ने सत्यवती के विवाह के लिए क्या शर्त लगाई ?

▼ Answer

Answer: केवटराज ने शर्त लगाई-शांतनु की मृत्यु के बाद सत्यवती का पुत्र ही हस्तिनापुर के राज सिंहासन पर बैठेगा।

---

Question 14.
केवटराज की प्रथम शर्त पर देवव्रत ने क्या उत्तर दिया।

▼ Answer

Answer: केवटराज की प्रथम शर्त सुनकर देवव्रत ने कहा- मैं वचन देता हूँ कि मेरे पिता के बाद सत्यवती का पुत्र ही राजा बनेगा।

---

Question 15.
चित्रांगद कौन था?

▼ Answer

Answer: चित्रांगद सत्यवती का बड़ा लड़का था।

---

Question 16.
चित्रांगद की मृत्यु कैसे हुई।

▼ Answer

Answer: चित्रांगद वीर और स्वार्थी प्रकृति का व्यक्ति था। उसकी मृत्यु गंधर्वो के साथ युद्ध में हुई थी।

---

Question 17.
विदुर कौन थे?

▼ Answer

Answer: विदुर विचित्र वीर्य की रानी अंबालिका की दासी के पुत्र थे।

---

Question 18.
विदुर किस स्वभाव के व्यक्ति थे?

▼ Answer

Answer: विदुर धर्मशास्त्र एवं राजनीति के पंडित थे। इनमें इनका अथाह ज्ञान था। वे क्रोध एवं अभिमान से दूर रहते थे।

---

Question 19.
विदुर का पहला नाम क्या था?

▼ Answer

Answer: विदुर का पहला नाम धर्मदेव था।

---

Question 20.
सूरसेन कौन थे?

▼ Answer

Answer: सूरसेन यदुवंश के लोकप्रिय राजा और श्रीकृष्ण के पितामह थे।

---

Question 21.
पृथा किसकी बेटी थी?

▼ Answer

Answer: पृथा यदुवंश के प्रसिद्ध राजा सूरसेन की पुत्री थी।

---

Question 22.
धर्मदेव का जन्म किसकी कोख से हुआ था?

▼ Answer

Answer: धर्मदेव का जन्म विचित्रवीर्य की रानी अंबालिका की दासी की कोख से हुआ था।

---

Question 23.
कर्ण का पालन-पोषण किसने किया था?

▼ Answer

Answer: कर्ण का लालन-पालन अधिरथ नाम के सारथी ने किया था।

---

Question 24.
धृतराष्ट्र ने विदुर को क्या बनाया?

▼ Answer

Answer: धृतराष्ट्र ने विदुर को अपना प्रधानमंत्री बनाया।

---

Question 25.
पांडु के पत्नियों का नाम बताएँ।

▼ Answer

Answer: पांडु की दो पत्नियाँ थीं – कुंती व माद्री।

---

Question 26.
दुर्योधन भीम से ईर्ष्या क्यों करता था?

▼ Answer

Answer: दुर्योधन भीम से ईर्ष्या इसलिए करता था, क्योंकि भीम दुर्योधन से अधिक ताकतवर था।

---

Question 27.
पांडव कितने भाई थे? उनके नाम बताइए।

▼ Answer

Answer: पांडव पाँच भाई थे- युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव।

---

Question 28.
धृतराष्ट्र के कितने पुत्र थे? वे क्या कहलाते थे?

▼ Answer

Answer: धृतराष्ट्र के सौ पुत्र थे। वे कौरव कहलाते थे।

Question 29.
कौरव-पांडव किससे अस्त्र विद्या सीखने लगे।

▼ Answer

Answer: कौरव-पांडव कृपाचार्य से अस्त्र-विद्या सीखने लगे।

---

Question 30.
भीम को मारने के लिए कौरवों ने क्या फ़ैसला किया?

▼ Answer

Answer: भीम को मारने के लिए कौरवों ने गंगा में डूबो कर मारने का फैसला किया।

---

Question 31.
भीम पर विष का क्या असर हुआ?

▼ Answer

Answer: भीम को बेहोशी आ गई और वह गंगा के किनारे गिर पड़ा।

---

Question 32.
पांडवों और कुंती की खुशी का कारण क्या था?

▼ Answer

Answer: भीम झूमता-झामता जिंदा चला आ रहा था। अतः उसे देखकर पांडवों और कुंती को काफ़ी प्रसन्नता हुई।

---

Question 33.
कंती ने अपनी चिंता किसके सामने प्रकट की?

▼ Answer

Answer: कुंती ने अपनी चिंता विदुर के सामने प्रकट की।

---

Question 34.
पांडवों ने किन-किन गुरुओं से अस्त्र-शस्त्र की शिक्षा पाई ?

▼ Answer

Answer: पांडवों ने पहले कृपाचार्य से और बाद में द्रोणाचार्य से शिक्षा पाई थी।

---

Question 35.
क्या देखकर दुर्योधन का मन ईर्ष्या-द्वेष से जलने लगा?

▼ Answer

Answer: अर्जुन की धनुष विद्या का कमाल और चतुरता देखकर दुर्योधन का मन ईर्ष्या और द्वेष से जलने लगा।

---

Question 36.
कर्ण को लाचार देखकर दुर्योधन ने उसके लिए क्या किया?

▼ Answer

Answer: दुर्योधन ने कर्ण को अपने पितामह और धृतराष्ट्र की अनुमति से कर्ण को अंग देश का राजा बना दिया।

---

Question 37.
आचार्य द्रोण कौन थे?

▼ Answer

Answer: आचार्य द्रोण महर्षि भारद्वाज के पुत्र थे।

---

Question 38.
उनकी किसके साथ गहरी मित्रता थी?

▼ Answer

Answer: द्रुपद और द्रोण में गहरी मित्रता थी।

Question 39.
द्रोणाचार्य का किसके साथ विवाह हुआ था?

▼ Answer

Answer: द्रोणाचार्य का विवाह कृपाचार्य की बहन के साथ हुआ था।

---

Question 40.
परशुराम अपनी संपत्ति गरीब ब्राह्मणों को दान में क्यों दे रहे थे?

▼ Answer

Answer: वन-गमन के उद्देश्य से परशुराम अपनी सारी संपत्ति गरीबों में बाँट रहे थे।

---

Question 41.
शिक्षा पूरी होने पर द्रोण ने अर्जुन से गुरु-दक्षिणा में क्या माँगा?

▼ Answer

Answer: शिक्षा पूरी होने पर द्रोण ने अर्जुन से गुरु दक्षिणा के रूप में पांचाल-राज को कैद कर लाने के लिए कहा।

---

Question 42.
द्रुपद ने द्रोण के साथ कैसा व्यवहार किया?

▼ Answer

Answer: द्रुपद ने सत्ता के मद में द्रोण का अपमान किया।

---

Question 43.
द्रुपद के पुत्र व पुत्री के नाम बताएँ?

▼ Answer

Answer: पुत्र का नाम धृष्टद्युम्न तथा पुत्री का नाम द्रौपदी था।

---

Question 44.
दुर्योधन की ईर्ष्या क्यों बढ़ती जा रही थी?

▼ Answer

Answer: भीम की शारीरिक शक्ति और अर्जुन की युद्धकला को देखकर दुर्योधन की ईर्ष्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही थी।

---

Question 45.
दुर्योधन को कुमंत्रणा कौन-कौन दे रहे थे?

▼ Answer

Answer: पांडवों का विनाश करने के लिए मामा शकुनि तथा कर्ण दुर्योधन को कुमंत्रणा दे रहे थे।

---

Question 46.
धृतराष्ट्र का स्वभाव कैसा था?

▼ Answer

Answer: यद्यपि धृतराष्ट्र बुद्धिमान थे पर वे दृढ़ निश्चयी नहीं थे।

---

Question 47.
पुरोचन पांडवों को कहाँ ले गए?

▼ Answer

Answer: पुरोचन पांडवों को लाख से बने भवन में ले गए।

---

Question 48.
वारणावत को जाते समय विदुर ने युधिष्ठिर को किस प्रकार सावधान किया?

▼ Answer

Answer: वारणावत जाते समय विदुर ने युधिष्ठिर को दुर्योधन के षड्यंत्र तथा उससे बचने का उपाय गूढ भाषा में अवगत करवाकर सचेत कर दिया था।

---

Question 49.
विदुर द्वारा भेजे गए व्यक्ति ने भवन के अंदर क्या किया?

▼ Answer

Answer: विदुर द्वारा भेजे गए व्यक्ति ने भवन के अंदर एक सुरंग बना दी जिससे पांडव बाहर निकल सकें।

---

Question 50.
पांडव एकचक्रा नगरी में किस रूप में जीवन व्यतीत कर रहे थे?

▼ Answer

Answer: पांडव एकचक्रा नगरी में ब्राह्मणों के रूप में जीवन व्यतीत कर रहे थे।

---

Question 51.
किसके स्वयंवर की तैयारियाँ होने लगी?

▼ Answer

Answer: पांचाल नरेश की पुत्री द्रौपदी के स्वयंवर की तैयारियाँ होने लगी।

---

Question 52.
पंचाल देश में पांडव किस तरह रहते थे?

▼ Answer

Answer: पंचाल देश में पांडव ब्राह्मणों के वेश में रहते थे।

---

Question 53.
पांडव कहाँ रहकर कैसे गुज़र करने लगे?

▼ Answer

Answer: पांडव अपनी माता कुंती के साथ एक चक्रानगरी में भिक्षा माँगकर गुज़र करने लगे।

---

Question 54.
कर्ण ने दुर्योधन को क्या सुझाव दिया?

▼ Answer

Answer: कर्ण ने दुर्योधन को सुझाव दिया कि- पांडवों की शक्ति बढ़ने से पहले ही उन पर आक्रमण कर दिया जाए।

---

Question 55.
भीष्म ने धृतराष्ट्र को क्या सुझाव दिया?

▼ Answer

Answer: भीष्म ने धृतराष्ट्र को सुझाव दिया कि पांडवों के साथ संधि करके आधा राज्य उन्हें वापस दे दिया जाए।

---

Question 56.
महाराज द्रुपद की शर्त किसने पूरी की?

▼ Answer

Answer: महाराज द्रुपद की शर्त अर्जुन ने पूरी की।

---

Question 57.
विदुर को पांचाल देश क्यों भेजा गया?

▼ Answer

Answer: पांडवों को द्रौपदी और कुंती के साथ आदर सहित हस्तिनापुर लाने के लिए विदुर को भेजा गया।

---

Question 58.
पांडवों की राजधानी का क्या नाम था?

▼ Answer

Answer: पांडवों की राजधानी का नाम इंद्रप्रस्थ था।

---

Question 59.
धृष्टद्‍युम्न ने कुम्हार की कुटिया में क्या देखा?

▼ Answer

Answer: धृष्टद्‍युम्न ने कुम्हार की कुटिया में पाँचों पांडवों को तथा अग्निशिखा की भाँति एक तेजस्वी देवी अर्थात् कुंती को देखा।

---

Question 60.
जरासंध कौन था?

▼ Answer

Answer: जरासंध मगध देश का राजा था, और कंस उसका दामाद था।

---

Question 61.
नियम के अनुसार, राजसूय यज्ञ कौन करने का अधिकारी होता था?

▼ Answer

Answer: जो संपूर्ण संसार में राजाओं में पूज्य हो, वह राजा ही राजसूय यज्ञ कर सकता था।

---

Question 62.
राजसूय यज्ञ करने की इच्छा से युधिष्ठिर ने किससे सलाह ली।

▼ Answer

Answer: राजसूय करने की इच्छा से युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण से सलाह ली।

---

Question 63.
जरासंध का वध किसने किया?

▼ Answer

Answer: जरासंध का वध भीम ने किया।

---

Question 64.
राजसूय यज्ञ में किसकी अग्रपूजा की गई?

▼ Answer

Answer: राजसूय यज्ञ में श्रीकृष्ण की अग्रपूजा की गई।

Question 65.
श्रीकृष्ण, अर्जुन और भीम किस रूप में जरासंध के पास पहुँचे?

▼ Answer

Answer: वे ब्राह्मण के व्रती लोगों का वेश बनाकर जरासंध के पास पहुंचे।

---

Question 66.
श्रीकृष्ण की अग्रपूजा का विरोध किसने किया?

▼ Answer

Answer: श्रीकृष्ण की अग्रपूजा का विरोध शिशुपाल ने किया।

---

Question 67.
राजसूय संपन्न होने के बाद किसे राजाधिराज की पदवी मिली।

▼ Answer

Answer: राजसूय यज्ञ समाप्त होने के बाद युधिष्ठिर को राजाधिराज की पदवी प्राप्त हुई।

---

Question 68.
युधिष्ठिर की बात पांडव भाइयों को कैसी लगी?

▼ Answer

Answer: युधिष्ठिर की बात उसके भाइयों को औचित्यपूर्ण लगी।

---

Question 69.
पांडव राजसूय कर रहे हैं? यह जानकर दुर्योधन को कैसा लगा?

▼ Answer

Answer: पांडवों द्वारा राजसूय यज्ञ करना दुर्योधन को अच्छा नहीं लगा।

---

Question 70.
शकुनि ने धृतराष्ट्र को किस चीज़ के लिए बाध्य किया?

▼ Answer

Answer: पांडवों को चौसर खेल में बुलाने के लिए शकुनि ने धृतराष्ट्र को बाध्य किया।

---

Question 71.
विदुर पांडवों के पास किस चीज़ का निमंत्रण देने गए थे?

▼ Answer

Answer: हस्तिनापुर में चौसर के खेल में भाग लेने के लिए विदुर पांडवों के पास निमंत्रण देने गए थे।

---

Question 72.
दुर्योधन ने चौसर में अपनी जगह किसे खिलाया।

▼ Answer

Answer: दुर्योधन ने चौसर में अपनी जगह मामा शकुनि को खेलाया।

---

Question 73.
राजवंशों की नीति के अनुसार खेल का नियम क्या है?

▼ Answer

Answer: राजवंशों की नीति के अनुसार किसी खेल के लिए निमंत्रण को अस्वीकार नहीं किया जाता था।

---

Question 74.
अंत में शकुनि ने युधिष्ठिर को किसे दाँव पर लगाने के लिए कहा?

▼ Answer

Answer: अंत में शकुनि ने द्रौपदी को दाँव पर लगाने के लिए कहा।

---

Question 75.
दुर्योधन ने दुःशासन को क्या आदेश दिया?

▼ Answer

Answer: दुर्योधन ने दुःशासन से कहा यह सारथी भीम से भयभीत लगता है तुम्ही जाकर उस अभिमानी द्रौपदी को उठाकर ले आओ।

---

Question 76.
धृतराष्ट्र का कौन-सा पुत्र द्रौपदी को दाँव पर लगाने की बात पर संतप्त हो उठा?

▼ Answer

Answer: धृतराष्ट्र का छोटा पुत्र युयुत्सु संतप्त हो उठा।

---

Question 77.
दुर्योधन ने विदुर को क्या आदेश दिया?

▼ Answer

Answer: दुर्योधन ने विदुर को कहा आप तुरंत रनिवास में जाएँ और द्रौपदी को यहाँ लाएँ।

---

Question 78.
धृतराष्ट्र ने पांडवों को कैसे शांत किया?

▼ Answer

Answer: धृतराष्ट्र ने पांडवों को जुए में हारा राज्य व संपत्ति लौटाकर पांडवों को शांत किया।

---

Question 79.
धृतराष्ट्र की विनती पर पांडवों ने क्या किया?

▼ Answer

Answer: धृतराष्ट्र की विनती पर पांडव द्रौपदी तथा कुंती के साथ इंद्रप्रस्थ चले गए।

---

Question 80.
दूसरी बार खेल में हारने के बाद युधिष्ठिर ने क्या किया?

▼ Answer

Answer: दूसरी बार खेल में हारने के बाद पांडव अपनी शर्त के अनुसार वन में चले गए।

---

Question 81.
जब पांडव वन की ओर जाने लगे तब धृतराष्ट्र ने विदुर को बुलाकर क्या पूछा?

▼ Answer

Answer: धृतराष्ट्र ने विदुर से पूछा पांडु के बेटे और द्रौपदी कैसे वन की ओर जा रहे हैं।

---

Question 82.
विदुर ने द्रौपदी की दशा के बारे में क्या बताया?

▼ Answer

Answer: विदुर ने बताया कि द्रौपदी ने बालों को बिखेरकर मुँह ढक रखा है और रोती हुई जा रही है।

---

Question 83.
महर्षि मैत्रेय की युधिष्ठिर से भेंट कहाँ हुई?

▼ Answer

Answer: महर्षि मैत्रेय की युधिष्ठिर से भेंट काम्यक वन में हुई।

---

Question 84.
पांडवों से मिलने श्रीकृष्ण के साथ वन में कौन-कौन आए थे?

▼ Answer

Answer: पांडवों से मिलने श्रीकृष्ण के साथ कैकेय भोज और वृष्टि जाति के लोग, चेदिराज धृष्टकेतु आदि वन गए थे।

---

Question 85.
भीम को बगीचे के बीच कौन लेटा मिला?

▼ Answer

Answer: भीम को बगीचे के बीच एक विशालकाय बंदर रास्ता रोककर लेटा हुआ मिला।

---

Question 86.
बंदर ने अपनी क्या असमर्थता जताई?

▼ Answer

Answer: बंदर ने असमर्थता जताते हुए कहा-"मैं बूढ़ा हूँ मुश्किल से उठ-बैठ सकता हूँ।"

---

Question 87.
दुर्योधन की चापलूसी कौन करते थे?

▼ Answer

Answer: कर्ण और शकुनी दुर्योधन की चापलूसी करते थे।

---

Question 88.
चौपायों की गणना का काम किसका होता था?

▼ Answer

Answer: चौपायों की गणना का काम राजकुमारों का होता था।

---

Question 89.
दुर्योधन के डेरे का स्थान पांडवों के आश्रम से कितनी दूरी पर था?

▼ Answer

Answer: दुर्योधन के डेरे का स्थान पांडवों के आश्रम से चार कोस दूरी पर था।

---

Question 90.
आश्रम के समीप जलाशय के तट पर और किसने डेरा डाल रखा था?

▼ Answer

Answer: आश्रम के निकट जलाशय के तट पर गंधर्वराज चित्रसेन ने अपना डेरा डाल रखा था।

---

Question 91.
जलाशय के समीप किस-किसमें युद्ध हुआ?

▼ Answer

Answer: जलाशय के समीप गंधर्वराज चित्रसेन और कौरवों की सेनाओं में युद्ध हुआ। इसमें कर्ण और दुर्योधन पराजित हो गए।

---

Question 92.
युधिष्ठिर ने नकुल से पेड़ पर चढ़कर क्या देखने को कहा?

▼ Answer

Answer: नकुल ने पेड़ पर चढ़कर कोई जलाशय या नदी देखने को कहा।

---

Question 93.
युधिष्ठिर ने सबसे पहले पानी लाने किसे भेजा?

▼ Answer

Answer: युधिष्ठिर ने सबसे पहले पानी लाने के लिए नकुल को भेजा।

---

Question 94.
पानी पीने के बाद चारों भाइयों के साथ क्या घटना घटी?

▼ Answer

Answer: पानी पीने के बाद चारों भाई मूर्च्छित होकर गिए गए।

---

Question 95.
युधिष्ठिर कहाँ जा पहुँचे?

▼ Answer

Answer: युधिष्ठिर उसी विषैले सरोवर के समीप जा पहुँचे जहाँ उनके चारों भाई मृत अवस्था में पड़े थे।

---

Question 96.
यक्ष की बात मानकर युधिष्ठिर ने क्या कहा?

▼ Answer

Answer: यक्ष की बात मानकर युधिष्ठिर बोले- आप प्रश्न पूछ सकते हैं।

---

Question 97.
यक्ष के प्रश्न कि मनुष्य का साथ कौन देता है? का उत्तर युधिष्ठिर ने क्या दिया?

▼ Answer

Answer: धैर्य

---

Question 98.
विदेश जाने वाले का साथी कौन होता है? का उत्तर युधिष्ठिर ने क्या दिया?

▼ Answer

Answer: विदया।

---

Question 99.
यक्ष ने युधिष्ठिर से कितने प्रश्न किए।

▼ Answer

Answer: यक्ष ने युधिष्ठिर से पंद्रह प्रश्न किए।

---

Question 100.
घास से भी छोटी वस्तु किसे बताया गया है?

▼ Answer

Answer: चिंता को।

---

Question 101.
विराट के दरबार में युधिष्ठिर को कौन-सा काम सौंपा गया था?

▼ Answer

Answer: कंक के नाम से विराट के दरबारी बन गए और राजा के साथ चौपर खेलकर दिन बिताने लगे।

---

Question 102.
भीम को क्या काम मिला?

▼ Answer

Answer: भीम को रोसइयों का मुखिया बनाया गया। वे बल्लभ के रूप में काम करने लगे।

---

Question 103.
कीचक का वध किसने किया?

▼ Answer

Answer: कीचक का वध भीम ने किया।

---

Question 104.
सुशर्मा को किस ओर आक्रमण करने की जिम्मेदारी दी गई?

▼ Answer

Answer: सुशर्मा को मत्स्य राज्य पर दक्षिण की ओर से आक्रमण करने की जिम्मेदारी दी गई।

---

Question 105.
अर्जुन ने राजकुमार का हौसला बढ़ाते हुए क्या कहा?

▼ Answer

Answer: अर्जुन ने राजकुमार उत्तर का हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि राजकुमार! घबराओ नहीं। तुम सिर्फ घोड़ों की रास सँभालो।

---

Question 106.
भीष्म ने दुर्योधन के समय के बारे में क्या बताया?

▼ Answer

Answer: भीष्म ने बताया कि प्रतिज्ञा का समय कल ही पूर्ण हो चुका है।

---

Question 107.
क्या बात सुनकर विराट चौंक पड़े?

▼ Answer

Answer: जब राजा विराट को पता चला कि राजकुमार उत्तर कौरवों से लड़ने गए हैं तो वे चौंक पड़े।

---

Question 108.
अर्जुन ने किन-किन महारथियों को हराया?

▼ Answer

Answer: अर्जुन ने कर्ण, द्रोणाचार्य, अश्वत्थामा तथा दुर्योधन जैसे महारथियों को हराया।

---

Question 109.
तेरहवाँ वर्ष पूरा होने पर पांडव जाकर कहाँ रहने लगे?

▼ Answer

Answer: तेरहवाँ वर्ष पूरा होने के बाद पांडव विराट की राजधानी छोड़कर उपप्लव्य नगर में रहने लगे।

---

Question 110.
सर्वप्रथम वहाँ क्या कार्य सम्पन्न हुआ।

▼ Answer

Answer: सर्वप्रथम वहाँ अभिमन्यु के साथ उत्तरा का विवाह हुआ।

---

Question 111.
श्रीकृष्ण ने संधि के लिए क्या तरीका सुझाया?

▼ Answer

Answer: श्रीकृष्ण ने दुर्योधन के पास एक व्यक्ति को दूत बनाकर भेजने का सुझाव बताया।

---

Question 112.
पितामह भीष्म ने दुर्योधन को क्या बात समझाई ?

▼ Answer

Answer: पितामह भीष्म ने दुर्योधन को समझाया कि प्रतिज्ञा का समय कल पूरा हो चुका है। तुम्हारी गणना में कुछ भूल हुई है।

---

Question 113.
श्रीकृष्ण ने हस्तिनापुर दूत भेजने का काम किसे सौंपा?

▼ Answer

Answer: श्रीकृष्ण ने हस्तिनापुर दूत भेजने का काम द्रुपदराज को सौंपा।

---

Question 114.
श्रीकृष्ण ने पहले किसे देखा?

▼ Answer

Answer: श्रीकृष्ण ने पहले अर्जुन को देखा।

---

Question 115.
उपप्लव्य में रहकर पांडवों ने कितनी सेना इकट्ठी की?

▼ Answer

Answer: उपप्लव्य में रहकर पांडवों ने अपने मित्र शासकों को संदेश भेजकर उनकी मदद से कोई सात अक्षौहिणी सेना इकट्ठी कर ली।

---

Question 116.
युधिष्ठिर की तरफ़ से कौन दूत बनकर धृतराष्ट्र की सभा में गए?

▼ Answer

Answer: पंचाल नरेश के पुरोहित युधिष्ठिर के दूत बनकर हस्तिनापुर गए।

---

Question 117.
युधिष्ठिर ने धृतराष्ट्र के पास क्या संदेश भेजा?

▼ Answer

Answer: युधिष्ठिर ने धृतराष्ट्र के पास संदेश भेजा कि पांडव संधि के अनुसार अपना हिस्सा चाहते हैं।

---

Question 118.
धृतराष्ट्र ने किसे अपना दूत बनाकर पांडवों के पास भेजा?

▼ Answer

Answer: धृतराष्ट्र ने संजय को दूत बनाकर पांडवों के पास भेजा।

---

Question 119.
श्रीकृष्ण किस उद्देश्य से हस्तिनापुर गए थे?

▼ Answer

Answer: श्रीकृष्ण शांति वार्तालाप करने के उद्देश्य से हस्तिनापुर गए थे।

---

Question 120.
दुःशासन का भवन कैसा था?

▼ Answer

Answer: दुःशासन का भवन दुर्योधन के भवन से अधिक ऊँचा और सुंदर था।

---

Question 121.
रास्ते में श्रीकृष्ण ने कहाँ रात का विश्राम किया?

▼ Answer

Answer: रास्ते में श्रीकृष्ण ने कुशस्थल नामक स्थान पर एक रात को विश्राम किया।

---

Question 122.
भीष्म के सेनापति बनने पर कर्ण ने क्या निर्णय लिया?

▼ Answer

Answer: कर्ण ने निर्णय लिया कि भीष्म के मारे जाने के बाद वह युद्धभूमि में प्रवेश करेगा और केवल अर्जुन को ही मारेगा।

---

Question 123.
कौरवों के सेनापति कौन थे?

▼ Answer

Answer: कौरवों के सेनापति पितामह भीष्म थे।

---

Question 124.
पांडव की सेना को कितने हिस्सों में बाँटा गया?

▼ Answer

Answer: पांडवों की सेना को सात हिस्सों में बाँटा गया।

---

Question 125.
कौरव सेना के पहले सेनापति कौन बने?

▼ Answer

Answer: कौरव सेना के पहले सेनापति भीष्म पितामह बने।

---

Question 126.
अर्जुन के भ्रम को दूर करने के लिए श्रीकृष्ण ने युद्ध के मैदान में क्या किया?

▼ Answer

Answer: अर्जुन के भ्रम को दूर करने के लिए श्रीकृष्ण ने युद्ध क्षेत्र में कर्म योग का उपदेश दिया।

---

Question 127.
भीष्म के नेतृत्व में कौरवों ने कितने दिनों तक युद्ध किया?

▼ Answer

Answer: भीष्म के नेतृत्व में कौरवों ने 10 दिनों तक युद्ध किया।

---

Question 128.
पांडवों ने अपनी सेना का सेनापति किसे बनाया?

▼ Answer

Answer: पांडवों ने अपनी सेना का सेनापति कुमार धृष्टद्युम्न को बनाया।

---

Question 129.
कर्ण की मृत्यु के बाद कौरवों का सेनापति किसे बनाया गया?

▼ Answer

Answer: कर्ण की मृत्यु के बाद कौरवों ने अपना सेनापति शल्य को बनाया।

---

Question 130.
महाभारत का युद्ध कितने दिनों तक चला?

▼ Answer

Answer: महाभारत का युद्ध अठारह दिनों तक चला।

---

Question 131.
पहले दिन की लड़ाई के बाद घबराहट में पांडव किसके पास गए?

▼ Answer

Answer: पहले दिन लड़ाई के बाद पांडव घबराहट में श्रीकृष्ण के पास गए।

---

Question 132.
कौरवों की सेना में सबसे आगे कौन था?

▼ Answer

Answer: कौरवों की सेना में सबसे आगे दुःशासन था।

---

Question 133.
दूसरे दिन युद्ध की व्यूह-रचना किसने की?

▼ Answer

Answer: दूसरे दिन के युद्ध की व्यूह रचना धृष्टद्युम्न ने किया था।

---

Question 134.
कौरवों के सेना में तीन वीर कौन थे जो अर्जुन की मुकाबला कर सकते थे।

▼ Answer

Answer: भीष्म, द्रोण और कर्ण ही अर्जुन का मुकाबला कर सकते थे।

---

Question 135.
पहले दिन के युद्ध का परिणाम क्या निकला?

▼ Answer

Answer: पहले दिन के युद्ध में पांडव काफ़ी डर गए।

---

Question 136.
चौथे दिन की लड़ाई में कौन मारा गया?

▼ Answer

Answer: चौथे दिन के युद्ध में शल्य का पुत्र एवं दुर्योधन के आठ भाई मारे गए।

---

Question 137.
भीम का पुत्र कौन था?

▼ Answer

Answer: भीम का पुत्र घटोत्कच था।

---

Question 138.
पाँचवें दिन के युद्ध की क्या विशेषता रही?

▼ Answer

Answer: पाँचवें दिन के युद्ध में अर्जुन ने कौरवों के हजारों सैनिक मारे ।

---

Question 139.
कुरुक्षेत्र मैदान में का आँखों देखा हाल धृतराष्ट्र को कौन सुनाता था?

▼ Answer

Answer: कुरुक्षेत्र के युद्ध मैदान का आँखों देखा हाल धृतराष्ट्र को संजय सुनाता था।

---

Question 140.
सातवें दिन के युद्ध की क्या विशेषता थी?

▼ Answer

Answer: सातवें दिन के युद्ध की यह विशेषता थी कि वह एक स्थान पर केंद्रित न रहकर अनेक मोर्चों पर लड़ा जा रहा था।

---

Question 141.
सातवें दिन के युद्ध में किसकी मृत्यु हुई?

▼ Answer

Answer: सातवें दिन के युद्ध में कुमार शंख की मृत्यु हुई।

---

Question 142.
आठवें दिन के युद्ध में भीम ने क्या किया?

▼ Answer

Answer: आठवें दिन युद्ध में भीम ने धृतराष्ट्र के आठ बेटों को मार गिराया।

---

Question 143.
आठवें दिन के युद्ध में अर्जुन का कौन-सा पुत्र मारा गया?

▼ Answer

Answer: आठवें दिन अर्जुन का वीर पुत्र इरावान, जो नागकन्या से पैदा हुआ था, उसका वध हो गया।

---

Question 144.
दसवें दिन के युद्ध में अर्जुन ने किसकी आड़ लेकर किस पर तीर बरसाए?

▼ Answer

Answer: अर्जुन ने शिखंडी की आड़ लेकर भीष्म पितामह पर तीर बरसाए।

---

Question 145.
भीष्म ने अर्जुन पर क्या चलाया?

▼ Answer

Answer: भीष्म ने अर्जुन पर शक्ति अस्त्र चलाया।

---

Question 146.
भीष्म का शरीर भूमि से क्यों नहीं लगा?

▼ Answer

Answer: भीष्म के सारे शरीर से बाण प्रवेश किए हुए थे, अतः भीष्म का शरीर बाणों पर टिककर भूमि से ऊपर ही अड़ा रहा।

---

Question 147.
भीष्म ने अपना शरीर कब त्यागा?

▼ Answer

Answer: भीष्म ने शरीर त्यागने का उचित समय सूर्य नारायण के उत्तरायण होने पर था।

---

Question 148.
भीष्म के बाद किसे सेनापति बनाया गया?

▼ Answer

Answer: भीष्म के बाद द्रोणाचार्य को सेनापति बनाया गया।

---

Question 149.
दुर्योधन ने अर्जुन को युद्ध क्षेत्र से दूर ले जाने का निर्णय क्यों किया?

▼ Answer

Answer: दुर्योधन ने अर्जुन को रण क्षेत्र से दूर ले जाने का निर्णय इसलिए किया ताकि युधिष्ठिर को बंदी बना सके।

---

Question 150.
बारहवें दिन युद्ध में क्या अफवाह फैल गई?

▼ Answer

Answer: बारहवें दिन के युद्ध में यह अफवाह फैल गई कि भगदत्त के हाथी ने भीम को मार गिराया।

---

Question 151.
अर्जुन उस समय कहाँ किससे लड़ रहा था?

▼ Answer

Answer: अर्जुन उस समय दूर जाकर संशप्तकों से लड़ रहा था।

---

Question 152.
अर्जुन ने भगदत्त का क्या हाल कर दिया?

▼ Answer

Answer: अर्जुन ने भगदत्त के नाजुक स्थानों पर बाण चला कर उन्हें बेध डाला, उसकी रेशमी पट्टी काट डाली।

---

Question 153.
अर्जुन द्वारा छोड़े गए बाणों से शकुनि के कौन-कौन भाई मारे गए?

▼ Answer

Answer: अर्जुन द्वारा छोड़े गए बाणों से शकुनि के दो भाई कृषक तथा अचक मारे गए।

---

Question 154.
तेरहवें दिन किस-किस में युद्ध छिड़ गया?

▼ Answer

Answer: तेरहवें दिन अर्जुन और सशंप्तकों के बीच भयंकर युद्ध छिड़ गया।

---

Question 155.
द्रोणाचार्य ने किसकी रचना की?

▼ Answer

Answer: द्रोणाचार्य ने कौरव-सेना से चक्रव्यूह की रचना की।

---

Question 156.
अभिमन्यु किसका पुत्र था?

▼ Answer

Answer: अभिमन्यु अर्जुन-सुभद्रा का पुत्र था।

---

Question 157.
चक्रव्यूह के बारे में अभिमन्यु क्या जानता था?

▼ Answer

Answer: अभिमन्यु चक्रव्यूह में प्रवेश करना तो जानता था, पर निकलना नहीं जानता था।

---

Question 158.
भीम ने अभिमन्यु को क्या विश्वास दिलाया?

▼ Answer

Answer: भीम ने अभिमन्यु को विश्वास दिलाया कि मैं तुम्हारे पीछे चलूँगा तथा साथ में अन्य कई योद्धा होंगे।

---

Question 159.
धृष्टद्युम्न ने क्या चलाकी की?

▼ Answer

Answer: धृष्टद्युम्न ने द्रोणाचार्य पर आक्रमण करके जयद्रथ की रक्षा के लिए जाने से रोके रखा।

---

Question 160.
सात्यकि पर किसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी थी?

▼ Answer

Answer: सात्यकि पर युधिष्ठिर की सुरक्षा की जिम्मेदारी थी।

---

Question 161.
आचार्य द्रोण का क्या संकल्प था?

▼ Answer

Answer: उनका संकल्प था युधिष्ठिर को जिंदा पकड़ना।

---

Question 162.
अर्जुन ने बाण चलाकर भूरिश्रवा की भुजा क्यों काट दी?

▼ Answer

Answer: क्योंकि सात्यकि अचेत घायल अवस्था में ज़मीन पर गिरा पड़ा था और भूरिश्रवा उस पर वार करने के लिए उद्यत था।

---

Question 163.
किस बालक के वध पर कौरवों ने विजयोत्सव मनाया था?

▼ Answer

Answer: अभिमन्यु के वध पर कौरवों ने विजयोत्सव मनाया था।

---

Question 164.
जयद्रथ का कटा सिर कहाँ जाकर गिर?

▼ Answer

Answer: जयद्रथ का कटा सिर उसके वृद्ध पिता वृद्धक्षत्र की गोद में जाकर गिरा।

---

Question 165.
द्रोण की मृत्यु के बाद कौरवों का सेनापति कौन बना?

▼ Answer

Answer: द्रोण की मृत्यु के बाद कौरवों का सेनापति कर्ण बना।

---

Question 166.
दुःशासन को किसने और कैसे मारा?

▼ Answer

Answer: दुःशासन को भीम ने मारा। भीम ने एक ही धक्के में उसे ज़मीन पर गिरा दिया और उसका एक-एक अंग तोड़-मरोड़ डाला।

---

Question 167.
भीम का डरावना रूप देखकर कौन कॉपने लगा।

▼ Answer

Answer: भीम का डरावना रूप देखकर कर्ण का शरीर थर-थर काँपने लगा।

---

Question 168.
कर्ण किस बात से घबरा गया?

▼ Answer

Answer: जब कर्ण के रथ का बाईं ओर का पहिया धरती में धंस गया, तब कर्ण घबरा गया।

---

Question 169.
महाराज शल्य की मृत्यु किसके हाथों हुई?

▼ Answer

Answer: महाराज शल्य की मृत्यु युधिष्ठिर के हाथों हुई।

---

Question 170.
शकुनि का वध किसने किया?

▼ Answer

Answer: शकुनि का वध सहदेव ने किया।

---

Question 171.
अश्वत्थामा ने घायल दुर्योधन के सामने क्या प्रतिज्ञा ली?

▼ Answer

Answer: अश्वत्थामा ने जलाशय के पास घायल दुर्योधन के सामने प्रतिज्ञा की कि वह आज ही रात पांडवों को बरबाद करके रहेगा।

---

Question 172.
अश्वत्थामा के मस्तिष्क से क्या बात नहीं निकल पा रही थी?

▼ Answer

Answer: उसके पिता द्रोणाचार्य को मारने के लिए पांडवों ने जो कुचक्र रचा, वह अश्वत्थामा के मस्तिष्क से नहीं निकल पा रहा था।

---

Question 173.
कृपाचार्य ने किस बात को अधर्म बताया?

▼ Answer

Answer: कृपाचार्य ने सोते हुए व्यक्ति को मारने को अधर्म बताया।

---

Question 174.
विलाप करती द्रौपदी ने पांडवों से क्या कहा?

▼ Answer

Answer: शोक विह्वल द्रौपदी युधिष्ठिर के पास आकर कातर स्वर में बोली- इस पापी अश्वत्थामा का वध अवश्य किया जाए।

---

Question 175.
अश्वत्थामा को किसने पराजित किया?

▼ Answer

Answer: अश्वत्थामा को भीम ने पराजित किया।

---

Question 176.
उत्तरा कौन थी? उसके पुत्र का क्या नाम था?

▼ Answer

Answer: उत्तरा अभिमन्यु की पत्नी थी। उसके पुत्र का नाम परीक्षित था, जो पांडवों के वंश का एक मात्र चिह्न बच गया था।

Question 177.
धृतराष्ट्र ने किसको अपने पास बुलाया?

▼ Answer

Answer: धृतराष्ट्र ने भीम को अपने पास बुलाया।

Question 178.
धृतराष्ट्र युधिष्ठिर से किस बात की अनुमति चाहते थे?

▼ Answer

Answer: धृतराष्ट्र युधिष्ठिर से जंगल जाकर तपस्या करने की अनुमति चाहते थे।

Question 179.
राज सँभालने से पूर्व युधिष्ठिर युद्धभूमि क्यों गए?

▼ Answer

Answer: शासन सूत्र सँभालने से पहले युधिष्ठिर युद्धभूमि में शर-शय्या पर पड़े, भीष्म पितामह से आशीर्वाद लेने गए।

Question 180.
युधिष्ठिर ने अपने भाइयों को क्या आज्ञा दे रखी थी?

▼ Answer

Answer: युधिष्ठिर ने अपने भाइयों को आज्ञा दे रखी थी कि राजा धृतराष्ट्र को किसी तरह का कष्ट न पहुँचने पाए।

Question 181.
धृतराष्ट्र पांडवों के साथ कैसा व्यवहार करते थे?

▼ Answer

Answer: धृतराष्ट्र पांडवों के साथ स्नेहपूर्ण व्यवहार किया करते थे।

Question 182.
भीम का व्यवहार धृतराष्ट्र व गांधारी के प्रति कैसा था?

▼ Answer

Answer: भीम सेन धृतराष्ट्र और गांधारी को कभी-कभी ऐसी बातें कह देता था जिससे उनके दिल को ठेस पहुँच जाती थी।

Question 183.
महाभारत युद्ध के बाद श्रीकृष्ण ने कितने वर्षों तक द्वारिका में शासन किया?

▼ Answer

Answer: महाभारत की समाप्ति के बाद श्रीकृष्ण ने चालीस वर्षों तक द्वारिका में राज्य किया।

Question 184.
बलराम को अपना शरीर क्यों त्यागना पड़ा?

▼ Answer

Answer: अपने यदुवंश का अंत होते देखकर वे बहुत दुखी हुए, इसलिए उन्होंने वहीं समाधि पर बैठकर अपने शरीर का त्याग कर दिया।

---

Question 185.
यदुवंश का पतन क्यों हुआ?

▼ Answer

Answer: आपसी फूट के कारण यदुवंश का नाश हुआ।

---

Question 186.
शिकारी ने श्रीकृष्ण को क्या समझाया?

▼ Answer

Answer: शिकारी ने श्रीकृष्ण को दूर से एक हिरन समझा।

---

Question 187.
श्रीकृष्ण कहाँ लेटे हुए थे?

▼ Answer

Answer: श्रीकृष्ण एक पेड़ के नीचे लेटे हुए थे।

---